छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

क्रमांक 6090 / विरा / सम्मे–73 / 2013 रायपुर, दिनांक 01 मई, 2013

स्मृति चिन्ह हेतु निविदा आमंत्रण

छत्तीसगढ़ राज्य की तृतीय विधान सभा की अवधि वर्ष 2008 से 2013 के माननीय सदस्यों को स्मृति चिन्ह की डिजाईनिंग एवं स्वीकृत डिजाईन के अनुरूप स्मृति चिन्ह तैयार कर प्रदाय करने हेतु अनुभवी एवं प्रतिष्ठित फर्मों से प्रस्ताव / निविदा आमंत्रित की जाती है ।

प्रस्ताव / निविदा देने वाली फर्म को दो पृथक–पृथक लिफाफों में उनके द्वारा प्रस्तावित स्मृति चिन्ह की डिजाईन एवं डिजाईन स्वीकृत होने की स्थिति में लगभग 100 स्मृति चिन्ह हेतु प्रति नग की दर का प्रस्ताव देना होगा। प्रस्ताव / निविदा के साथ अमानत राशि के रूप में रूपये 5,000 / – का डिमांड ड्राफ्ट / पे आर्डर / एफ.डी. आर. जो प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा, के पक्ष में देय हो, एक पृथक लिफाफे में संलग्न करना अनिवार्य है ।

निविदा की विस्तृत शर्तें, स्मृति चिन्ह के स्पेसिफिकेशन, नमूने एवं अन्य विस्तृत जानकारी कक्ष क्र. बी–12 से कार्यालयीन समय प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक दिनांक 13 मई 2013 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता से प्राप्त की जा सकती है ।

किसी भी प्रस्ताव / निविदा को अमान्य करने का सर्वाधिकार प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा का होगा ।

संचालक
छत्तीसगढ़ विधान सभा